दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001


वर्ष :- 02 अंक :- 317 मुरादाबाद, 19 March 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड





## PM मोदी ने ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन का उद्घाटन किया, कहा, मुझे गर्व है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष का नेतृत्व कर रहा है



इस वैश्विक सम्मेलन में 100 से अधिक देशों की भागीदारी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम)-2023 पर एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे गर्व है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। ग्लोबल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस जैसे आयोजन न केवल ग्लोबल गुड के लिए जरूरी हैं बल्कि ग्लोबल गुड्स के लिए भारत की बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, जलवायु लचीला होना मिलेट्स की ताकत है। बहुत प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी मिलेट्स का आसानी से उत्पादन हो जाता है। इसकी पैदावार में अपेक्षाकृत पानी भी कम लगता है, जिससे पानी के संकट वाली जगहों के लिए ये एक पसंदीदा फसल बन जाती है। पीएम मोदी ने आगे श्री अन्न योजना की तारीफ की। बोले, श्री अन्न भी भारत में समग्र विकास का माध्यम बन रहा है, इसमे गांव भी जुड़ा है और गरीब भी जुड़ा है। श्री अन्न यानी देश के छोटे किसानों के समृद्धि का द्वार है। श्री अन्न यानी देश के करोड़ों लोगों के पोषण का कर्णधार है। श्री अन्न यानी देश के आदिवासी समाज का सत्कार है। श्री अन्न यानी कम पानी में ज्यादा फसल की पैदावार है। श्री अन्न यानी केमिकल मुक्त खेती का बड़ा आधार है। श्री अन्न यानी क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने में मददगार है। उन्होंने कहा, श्री अन्न केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं हैं, जो लोग भारत की परंपराओं से परिचित हैं, वह ये भी जानते हैं कि हमारे यहां किसी के आगे श्री ऐसे ही नहीं जुड़ता है। जहां श्री होती हैं वहां समृद्धि भी होती है और समग्रता भी होती है। पीएम मोदी ने इस क्षेत्र में नए स्टार्टअप्स आने की बात भी कही। बोले, हमारे युवा साथी किस प्रकार के नए-नए स्टार्टअप लेकर इस क्षेत्र में आए हैं, ये भी अपने आप में प्रभावित करने वाला है। ये सभी भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### क्या है इसका उद्देश्य?

भारत सरकार का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 को किसानों, उपभोक्ताओं के समग्र लाभ और जलवायु के लिए एक जन आंदोलन बनाना है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने आईवाईएम 2023 के लक्ष्यों को हासिल करने और भारत को %मोटे अनाजों के वैश्विक केंद्र% के रूप में स्थापित करने के लिए बहु-हितधारक सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें किसानों, स्टार्ट-अप, निर्यातकों, खुदरा व्यवसायों, होटल संघों तथा भारत और विदेशों में सरकार के विभिन्न अंगों को शामिल किया गया है।

वर्ष 2023 मोटे अनाजों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साल भर चलने वाले अभियान और अनेक गतिविधियों का साक्षी बनेगा।

### भारत के प्रस्ताव पर 72 देशों ने दी थी मंजूरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने 5 मार्च, 2021 को साल 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया था। भारत सरकार द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को 72 देशों का समर्थन मिला था।

इस घोषणा के माध्यम से, यूएनजीए का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए पोषक अनाज (श्री अन्न) के बारे में जागरूकता बढ़ाना, अनुसंधान एवं विकास और विस्तार में निवेश बढ़ाना व श्री अन्न की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार के लिए हितधारकों को प्रेरित करना है।

## खालिस्तान समर्थक अमृतपाल को पुलिस ने हिरासत में लिया, पंजाब में इंटरनेट सेवा रविवार तक बंद



मोगा-वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। सूत्रों के हवाले से खबर हैं कि शनिवार को वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह को हिरासत में ले लिया गया है। अमृतपाल सिंह के साथ-साथ उसके कई साथियों को भी पंजाब पुलिस ने पकड़ा है।आज शनिवार को अमृतपाल सिंह के छह साथी मोगा जिले की सीमा से गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने इनका पीछा किया और घेराबंदी करके गिरफ्तार किया।

### पुलिस ने की घेराबंदी

जालंधर के महितपुर मे पुलिस ने हथियारों के साथ अमृतपाल के समर्थकों को गिरफ्तार किया। सैकड़ों की संख्या में पुलिस वालों ने इलाकों को छावनी में तब्दील कर दिया था। दरअसल, पुलिस ने पूर्व सूचना के आधार पर पहले से ही घेराबंदी कर रखी थी। पुलिस की तीन टीमें इनका पीछा करने में लगी हुई थी। जैसे ही बाजार में दोआबा अस्पताल के पास इनकी गाड़ी पहुंची पुलिस ने इन्हें घेर लिया। पुलिस ने इन्हें घेर कर लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 7 जिलों की पुलिस अमृतपाल सिंह का पीछा कर रही थी। खबर अमृतपाल के भी साथ में होने की थी।

### अमृतपाल के हथियारबंद समर्थक गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि हथियारों के साथ करीब आधा दर्जन अमृतपाल के हथियारबंद समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### धार्मिक समारोह में आने वाला था अमृतपाल

बता दें कि अमृतपाल सिंह को आज चार बजे जिले के कस्बा भदौड़ के बेसाखी वाला गुरुघर में धार्मिक समारोह में शिरकत करने आना था। इसी बीच उसके साथियों की गिरफ्तारी के विरोध के चलते कार्यक्रम नहीं हुआ। करीब एक हजार लोगों सहित सिक्ख संगठनों ने भदौड़ मेन हाईवे पर जाम कर दिया है। अमृतपाल के समर्थकों की गिरफ्तारी और पुलिस की कार्रवाई का लोग विरोध कर रहे हैं।

### पंजाब में इंटरनेट सेवा बंद

अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों पर हो रही कार्रवाई के बाद पंजाब में माहौल तनावपूर्ण है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए पंजाब में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। राज्य में इंटरनेट सेवाएं कल दोपहर 12 बजे तक के लिए बंद कर दी गई हैं। पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं 18 मार्च से 19 मार्च तक निलंबित रहेंगी।

### पंजाब पुलिस ने किया अनुरोध

तनावपूर्ण स्थिति के बीच पंजाब पुलिस ने लोगों से शांति बनाने की अपील की है। पुलिस ने कहा सभी नागरिकों से अनुरोध है कि शांति और सद्भाव बनाए रखें। पंजाब पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रही है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे घबराएं नहीं या फर्जी समाचार या अभद्र भाषा न फैलाएं।

### कड़ी सुरक्षा में कुछ लोगों को जालंधर सीआईए स्टाफ में लेकर आई

पुलिस दर्जनभर गाड़ियां, जिसमें अमृतपाल के समर्थक बताए जा रहे हैं, जालंधर सीआईए स्टाफ पहुंचे हैं। पुलिस ने गाड़ियों के शीशे तौलिए रख कर ढक रखे थे। वहीं मीडिया को इस सारे मामले से दूर रखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि अमृतपाल के जिन समर्थकों को गिरफ्तार किया है, उनको जालंधर लाया गया है। हालांकि इस बारे में कोई भी अधिकारी अभी पुष्टि नहीं कर रहा है।

## रक्षामंत्री राजनाथ का राहुल गांधी पर निशाना, देश के लोकतंत्र पर देश में चर्चा होनी चाहिए बाहर नहीं



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिना नाम लिए ही राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों की आवाज इमरजेंसी में बंद की गई थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि देश के लोकतंत्र पर चर्चा देश की संसद में होनी चाहिए न कि दूसरे देश में...। देश की आवाज इमरजेंसी में बंद हुई थी। कुछ लोग जान बूझकर देश को बदनाम कर रहे हैं। रक्षामंत्री लखनऊ में लखनऊ व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर पूर्व के राज्यों में आए चुनावी नतीजों को केंद्र की मोदी सरकार की सफलता बताया और कहा कि उत्तर पूर्व पहले खुद को अलग मानता था पर आज वह भी देश से भावनात्मक तौर पर जुड़ गया है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। आज पूरे देश में बिना भेदभाव के सबका विकास हो रहा है।उन्होंने कहा कि लखनऊ में आयोजित हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने मुझे बेहद खुशी दी। हमारा भारत अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में 11वें नंबर पर आता था आज टाप फाइव में पहुंच गया है जल्द ही टाप तीन में होगा। उत्तर प्रदेश भी विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना। उत्तर प्रदेश ने वह करके दिखाया है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए स्वस्थ परंपरा होनी चाहिए, प्रतिस्पर्धा से कोई संगठन आगे नहीं बढ़ सकता। जो मांग पत्र हमें व्यापारियों ने सौंपा है, उसमें जो केंद्र से संबंधित समस्याएं हैं संसद सत्र के समापन के बाद उसको निस्तारित करने का काम करेंगे। सूरत में पैदा नहीं होना चाहिए। अहंकार आया तो विनाश होगा। प्रेम और इंसानियत के दो मंत्रों को हमें नहीं भूलना चाहिए।

## काशी विश्वनाथ के दरबार में 100 बार दर्शन करने वाले पहले मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छह साल में बाबा विश्वनाथ के दरबार में 100 बार हाजिरी लगाई है। मुख्यमंत्री योगी औसतन हर 21 दिन में विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में 100वीं बार दर्शन करने वाले पहले सीएम भी बन गये हैं। 2017 में प्रदेश की सत्ता संभालने वाले योगी आदित्यनाथ जब भी काशी आते हैं, अमूमन हर बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाज़िरी जरूर लगाते हैं। सीएम योगी मंदिर में षोडषोपचार विधि से दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना करते हैं। वर्ष 2017 से अभी तक अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में सीएम योगी आदित्यनाथ 100 बार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 113वीं बार वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आये। दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया है, जिसने नया कीर्तिमान बनाया है। योगी आदित्यनाथ महीने में एक बार या कभी-कभी दो बार काशी की यात्रा जरूर करते हैं। अपने हर दौरे में मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण करते हैं। जिसका परिणाम वाराणसी के चतुर्दिक विकास के रूप में दिखता है। वहीं 6 साल के हिसाब से देखें तो सीएम योगी औसतन हर 21 दिन पर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। योगी आदित्यनाथ अपने पहले और दूसरे कार्यकाल के 72 महीनों में करीब 100 बार बाबा विश्वनाथ के धाम पहुंचने वाले पहले सीएम बन गये हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ 2017 से मार्च 2022 तक कुल 74 बार भगवान विशेश्वर से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।श्री काशी विश्वनाथ के अर्चक डॉ नीरज कुमार पांडेय बताते हैं ये उनकी सनातन धर्म के प्रति और बाबा विश्वनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा को दर्शाता है। सीएम योगी आदित्यनाथ षोडषोपचार पूजन एवं रूद्र सूक्त से विश्वनाथ जी का अभिषेक करते हैं। साथ ही विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ से लोक कल्याण, देश और प्रदेश के सर्व कल्याण के लिए कामना करते हैं। बता दें कि बीते साल 9 सितंबर को मुख्यमंत्री ने जब वाराणसी का 100वां दौरा किया था तब उन्होंने 88वीं बार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया था। इसके बाद से लेकर 18 मार्च तक मुख्यमंत्री ने 12 बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई।

### काल भैरव मंदिर में भी सीएम ने किया 100वीं बार दर्शन पूजन

बतौर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में 100 बार दर्शन पूजन कर इतिहास तो रचा ही है, इसके अलावा वे काशी के कोतवाल कहे जाने वाले बाबा काल भैरव के दरबार में 100 बार हाजिरी लगाने वाले मुख्यमंत्री भी बन गये हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सुबह बाबा काल भैरव मंदिर में विधि-विधान से दर्शन पूजन और आरती की। इस दौरान मंदिर के बाहर डमरू बजा रहे एक बालक को देख मुख्यमंत्री ने रुककर प्यार से उसका नाम पूछा और उससे उसकी पढ़ाई को लेकर जानकारी ली। आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। सीएम योगी ने इससे पहले शुक्रवार शाम को वाराणसी पहुंचने के बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को तमाम दिशा-निर्देश दिये। सीएम ने करखियांव स्थित इंटीग्रेटेड पैक हाउस, 34वीं वाहिनी पीएसी और रोहनिया थाने में बने बैरकों का निरीक्षण करते हुए अफसरों को दिशा-निर्देश दिये थे। वहीं शनिवार सुबह ही सीएम ने वाराणसी सर्किट हाउस के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया।

## संपादकीय Editorial

# Governor again question

A five-judge constitution bench of the Supreme Court heard a reasoned debate on aspects like the role, responsibility of the Governor and the mandate to prove majority in the House and cautioned all the parties. The basic reference is to the Aghadi coalition government in Maharashtra. Since a majority group of MLAs in Shiv Sena rebelled, the then Chief Minister Uddhav Thackeray had to resign, but with the intervention of the Governor, the rebel group and the BJP formed a joint government. Today the same government is working. Lawyers for the Uddhav Thackeray faction have termed such a government as 'unconstitutional',

while judges are questioning how to restore a government whose chief minister had resigned before it could prove its majority in the House? However, the constitution bench has reserved its decision after hearing the arguments of both the sides, but the role of the Governor has once again been questioned.

The then Governor of Maharashtra Bhagat Singh Koshyari has resigned and retired. Now Ramesh Bais is the new governor. Besides, the Telangana Governor has also been challenged in the Supreme Court by Chief Minister Chandrasekhar Rao. There, the Governor has not given assent to the 7 bills passed since last September. She is not even stamping the budget passed in the assembly.

This is a deliberate behavior on their part. Surely this is an extraordinary, extra-constitutional situation. The Constitution has not clearly explained the privileges of the Governor in this context. The governor can sit on the bills for any time limit. Which constitutional power is this? The dispute between Punjab Chief Minister Bhagwant Mann and Governor Banwarilal Purohit is also in the Supreme Court. The observation of the apex court is that the level of mutual interaction should not be taken down to the lowest level. There should not be such competition between the two constitutional posts.

However, states like Tamil Nadu, Kerala, Rajasthan, Chhattisgarh etc. also have situations of 'Chief Minister versus Governor'. The conflicts are very deep, while the dispute is not constitutional. Without both the posts, our federal structure cannot work. The irony and misfortune is that governors are seen playing 'proximate politics' only in states ruled by opposition parties. In fact, our politics should realize that India is no longer a colony of the British Empire. India today is a country with an independent, sovereign, democratic and republican constitution.

The Governor also has a definite and constitutional role. An example is the decision and recommendation of the Election Commission. The Commission had sent its decision regarding the Chief Minister of Jharkhand to the Governor in a closed cover. The then Highness did not take any final decision on it for about 6 months. Finally, in February, Governor Bais was transferred to Maharashtra.

As a result, the important decision of the commission was left hanging. In West Bengal also the conflict of 'Chief Minister versus Governor' continued. The tweet-wars of both continued to become public. Now that governor is the Vice President of the country. The basic question is whether all the cases of Chief Minister vs. Governor will continue to go to the Supreme Court, the court will continue to rebuke and the cases will have to be resolved? This is not a democracy, nor is it an environment conducive to democratic values. Most of the disputes are also not constitutional.

# Diplomatic: China's strength in the Gulf is India's headache, American strategic influence will be less

Last fortnight, Sunni power symbols Saudi Arabia and Shiite Iran agreed to restore diplomatic ties under China's mediation. Every success of China and Russia will reduce the American sphere of influence and India cannot remain untouched by its adverse consequences. The Shia-Sunni conflict, fueled by a dispute over the succession of Hazrat Muhammad, reached a historic point in the first fortnight of March. Mediated by China, Sunni powerhouses Saudi Arabia and Shiite Iran agreed to restore diplomatic ties after secret talks in Beijing. This is another major blow to the domination of the Western camp, which has been going on for almost a century, in the whole of West Asia including the Persian Gulf. Iran was also at the receiving end of the first blow, when the 1979 Islamic Revolution led by Ayatollah Khomeini overthrew the pro-American Shah Reza Pahlavi. America was engaged in isolating Iran that China, which it considers the biggest threat to its security, made an agreement between Saudi Arabia and Iran, who were still under the American umbrella, sitting at a table. There is also a bad news for America that Russia has agreed to provide Sukhoi fighter jets to Iran in the midst of Moscow-Tehran strategic cooperation. On the other hand, the news of supply of special drones from Iran to Russia, which is stuck in Ukraine, is coming long back. If China ignores Washington's threats and starts supplying weapons to Russia, it will also be a bad sign for America. According to the US media, the Saudi government informed the US after reaching an agreement with Iran. This is the same Saudi Arabia, which called American troops to protect Mecca Sharif. Against this decreasing diplomatic-strategic influence of America, almost five decades old dreams of China are coming true. This period also witnessed the willing sacrifice of communist fraternal principles at the altar of China's fierce Han nationalist ambitions. When Reza Shah Pahlavi, who ascended the throne with the help of America and Britain, was suppressing Tudeh, the influential Communist Party of Iran, China was engaged in increasing the love of this American puppet. The Chinese media used to condemn the anti-Shah movement. Because of this, China did have difficulty in building relations with the Ayatollahs in the initial years after the revolution, but it did not take long for the success to begin. China's efforts are now paying off. On the other hand, in appeasing pro-American Saudi Arabia, China went to the extent of approving the Saudi request for US military intervention after Iraq's occupation of Kuwait, although the whole world, including China, believed that America monopolized the oil sources of West Asia. wants to maintain China was worried that the US wanted to control the oil supply by controlling the sea route from the Persian Gulf to the Caspian Sea littoral countries. After 1990, China wanted to beat America in this game in view of wildly increasing domestic demand of petroleum products. An influential section of American industry-trade continued to ease the way for China in the greed of earning more and more profit. With Saudi Arabia and Iran, China's two largest oil exporters, being drawn closer by Beijing's efforts, US options to block maritime oil routes are bound to be limited. It was easy to ignore Iran, not Saudi Arabia, because the US is deeply entrenched there. Crown Prince Mohammed bin Salman, who has assumed a decisive role in the governance of Saudi Arabia, has his own national, regional and international ambitions. He differs fundamentally from previous Saudi rulers in that he is gradually withdrawing from American influence. A great example of this is that America is no longer the only arms supplier to Saudi Arabia. It is buying long range missiles and other weapons from China. If Iran is able to finally persuade Yemen's Shia Houthi rebels to negotiate a peaceful settlement, Saudi Arabia will stand to gain the most. Similarly, moving away from Shia-dominated Bahrain, Saudi Arabia can fulfill the wishes of the Ayatollahs. With the help of Russia in Syria, the Assad government has an upper hand. Iran is also helping him. Iran, which is under constant US pressure, may give a signal to Israel by withdrawing from Shia Hezbollah in Lebanon. Saudi Arabia and Israel have friendly relations. Lots of possibilities lie in the womb of the future. But this could be the peak of the undeclared diplomatic-military strategy of China and Russia. Every success of China and Russia will reduce the American sphere of influence and India cannot remain untouched by its adverse consequences. Some events preceding the Beijing Declaration are noteworthy. China's Foreign Minister Qin Gang said in Delhi, 'Keeping the India-China border dispute in its proper place, look at mutual relations in the context of once-in-a-century global changes, and work towards normalizing the border situation as soon as possible. Bring it under.' Its direct interpretation was this: China wants to maintain the status quo on the border dispute, will not move from the areas it occupied in Ladakh in April 2020, and India can talk about other subjects if it wants to forget it . In this way, the road to India is closed and the responsibility of removing more than fifty thousand soldiers posted on the border is also of India. Mediation signals from Moscow between India and China also do not mean anything, because Russia has become weak compared to China and there is no need for meaningful intervention.Steadyness makes you powerful. China sees the 'Quad', an organization of America, Japan, Australia and India, as its encirclement; For India, this is a diplomatic-strategic effort to deal with China's bullying. Russia has also opposed the 'Quad'. Psychological pressure on India is actually a conspiracy to alienate America. Only America can match the combined power of China and Russia. China free from fear of America will be an unbridled imperialist power. The international situation has brought India to a dangerous crossroads.

# Society: Why the friendship between man and dog is breaking

The number of stray dogs should not increase, they should get anti-rabies, anti-distemper vaccines at the right time – it is the responsibility of the local body, but it is careless. In a Ghaziabad society adjacent to the capital Delhi, the protest continued for about 15 days before Holi. Fights and litigation also took place. Even the MLAs have reached. The matter was of feeding the street dogs in the society premises. One group claimed that these dogs bite children, litter. Gradually, such voices started coming from many other societies of the area as well. Banners were made, slogans were raised, candle processions were also taken out. Significantly, in the area where all this was happening, there have been issues like broken roads, water logging, traffic jams and encroachments for years, but no one ever raised voice for all these things! Everywhere in Delhi-NCR, conflicts between those who feed street dogs and those who are afraid of dogs are on the rise. Man and dog have been together for some twelve thousand years. Man first started domesticating dogs. In ancient times, the dog used to help humans in hunting, protecting the house and crops. Above all, the quality of being faithful even in less food has made dogs the most reliable companions of humans.

Today his number is the highest among animals. Recently two younger brothers were mauled to death by stray dogs in Delhi's Rangpuri. Why is this happening? In fact, there is a land crisis in the city, then the multi-storey buildings have snatched away from the dogs the door where they used to sit and watch without becoming pets. It has to be understood that every dog has its own territory. When the number of dogs increases rapidly, their territory is reduced and accordingly their food and sleeping places are also divided. In such a situation the dogs feel insecure and become aggressive. According to the World Health Organisation, India accounts for 36 per cent of all dog bite rabies deaths in the world.

In 30 to 60 percent of cases of rabies, the age of the victim is less than 15 years. In addition, dogs have a habit of chasing. In such a situation, those who start running away on seeing the dog, they become the prey of the dog. Dogs attack the weak, so they may attack children and the elderly. Due to climate change, dogs are not able to tolerate the sudden change of weather or the sudden intensity of winter and summer. Dogs become aggressive only when they feel threatened. Apart from this, noise, traffic, pollution, temptation of non-vegetarian food from garbage and glare of lights in vehicles and premises are the reasons which are making the dog violent. Many people become violent towards dogs in anticipation of an attack. However, monkeys in cities or stray bulls in towns cause more damage and sometimes cause death to humans. Still, there is not much hatred towards monkeys or bulls.

So is a dog the most innocent animal for a man, on whom he can take out his anger? The number of stray dogs should not increase, they should get anti-rabies, anti-distemper vaccines at the right time – it is the responsibility of the local body, but it is careless. In view of the increasing hatred of humans towards dogs, the statement given by the Uttarakhand High Court in July, 2018 is important, in which it was said that - 'Animals also have the right to live like humans.

They also have rights like human beings for safety, health and against cruelty. Unless the message goes to all sections of the society that nature has given equal right to humans, flora and fauna to live on the earth, till then man will not consider their protection as his duty. Animals and plants can neither resist the injustice done to them nor can they say their pain. That's why humans should show sensitivity towards them.

# जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास पूर्ण होने पर लाभार्थियों को सौंपी चाबी



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण करने का यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनदूंपणनचण्दपबण्पद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये।

आज तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समयान्तर्गत निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोड के गड्ढों को दुरस्त किया जाये, पेंशन जारी करने तथा पूर्ति विभाग को नियमानुसार राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राजस्व विभाग के अर्न्तगत भूमि संबंधी विवादों सहित विद्युत विभाग से संबंधित बिलों में गडबडी, राशन कार्ड बनाने की मांग आदि शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमार्न्तगत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागो के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सवाल पूछना पत्रकार को पड़ा भरी



अफाक हुसैन

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जनपद संभल में पत्रकार संजय राणा जोकि एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता है उन्होंने जनपद संभल के चंदौसी मैं स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री श्रीमती गुलाबो देवी से सवाल पूछने पर जिला प्रशासन ने बिना जांच के पत्रकार को हथकड़ी लगा गिरफ्तार कर लिया। जिसकी वजह से पूरे देश के पत्रकारों में आक्रोश है 15 मार्च को करीब 5 घंटे जनपद संभल के कलेक्टर सभागार में धरना प्रदर्शन के बाद संयुक्त पत्रकार संघ लखनऊ ने ज्ञापन सौंपा। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन सम्भल की ओर से पीड़ित पत्रकार को न्याय नहीं मिल पाया है। आपसे विनम्र निवेदन है कि पीड़ित पत्रकार के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करा कर पत्रकार को न्याय दिलाने का कष्ट करें। पत्रकार पर लगे मुकदमे को वापस लिया जाए पीड़ित पत्रकार पर मुकदमा पंजीकृत कराने वाले भाजपा नेता पर कार्यवाही की जाए प्रशासन पर सत्ता के दबाव में मुकदमा लिखने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की जाए। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री की जांच कर विधिवत कार्यवाही की जाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ईट राइट मेला लगाये जाने के संबंध में आई0ई0सी0 समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, प्रमुख मेलों, प्रदर्शनी में आई0ई0सी0 कार्यक्रम के अर्न्तगत ईट राइट इण्डिया स्टॉल/मेला लगाये जाने हेतु आई0ई0सी0 समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में समिति द्वारा ईट राइट इण्डिया स्टॉल लगाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गये, जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मिलेट्स के फायदे और उपयोगिता के संबंध में जनसामान्य/खाद्य कारोबार कर्ताओं के मध्य जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि बाजरा सर्दियों के पौष्टिक आहार है, इसमें मौजूद तत्व जैसे फायवर, पोटीन, मिलरल्स और बिटामिन मिलते है जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होते हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के प्रोत्साहन के लिए जगह-जगह होर्डिंग लगवायें जाये, जिससे आम-जन मानस जागरुक हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 बिनोद कुमार सिंह, नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# चन्दौसी हादसे के बाद सतर्कता, मंडल के 92 शीतगृह की होगी जांच



मुरादाबाद- संभल के चन्दौसी में शीतगृह हादसे के बाद अब प्रशासन सतर्क हो गया है। मंडल के सभी 92 शीतगृहों की जांच कराई जाएगी। जिलाधिकारी की निगरानी वाली चार सदस्यीय समिति स्थलीय निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट सौंपेगी। तकनीकी जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को समिति में शामिल किया गया है। शीतगृह में खामियां मिलने पर उसके संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लाइसेंस तक निरस्त किया जाएगा। संभल में पिछले दस साल में शीतगृह गिरने की दूसरी बड़ी घटना है। संभल के चन्दौसी में शीतगृह हादसे में अब तक 14 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई घायल हैं। इससे पहले भी संभल असमोली रोड पर पप सिस्टम से बना कोल्ड स्टोर क्षमता से अधिक भंडारण करने के कारण गिर गया था। उसमें काम करने वाले कई लोग घायल हुए और एक व्यक्ति की उपचार के दौरान बाद में मौत हो गई थी। इन हादसों को लेकर प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके इसके लिए मंडल के पांचों जनपद में जिलाधिकारी के स्तर एक समिति गठित की जा रही है। उप निदेशक उद्यान श्याम कुमार गुप्ता ने बताया की एसडीएम और दो जनपद स्तरीय अधिकारी के अलावा लोक निर्माण विभाग या आरईएस विभाग से इंजीनियर समेत चार सदस्यों की समिति गठित की जाएगी। मंडल में 92 शीतगृह हैं। सभी जनपद स्तरीय गठित की गई समिति अपने-अपने जनपद के शीतगृहों का स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट में कोल्ड स्टोरेज में मिलने वाली खामियों के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा।

जांच रिपोर्ट में यदि मानकों की अनदेखी पाई गई तो संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही संबंधित शीतगृह का लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा। इसमें मुरादाबाद में 1976 में बना दुर्गेश कोल्ड स्टोर दिल्ली रोड पर संचालित है, दूसरा दलपतपुर के गांव पाडली बाजे में सैफी कोल्ड स्टोर के नाम से संचालित है। इसके अलावा अमरोहा जनपद में दो कोल्ड स्टोरेज, संभल में 56, रामपुर में चार, बिजनौर में 10 कोल्ड स्टोरेज संचालित हैं। सभी का निरीक्षण के दौरान मौके पर हुए भंडारण और उसकी क्षमता के अलावा सारे मानकों का निरीक्षण किया जाएगा।

# दर्द बनी दोस्त की दगाबाजी, पीड़ित ने दी तहरीर

मुरादाबाद- दो दोस्तों के बीच छल व धोखे का मामला पुलिस की चौखट पर पहुंच गया है। दोस्त की दगाबाजी से खिन्न बिजली विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता ने शिकायती पत्रों का अंबार लगा दिया है। तीन दिन में तीन तहरीर एसएसपी को देकर उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि, ठगी का मामला महज 1,550 रुपये का ही है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रामगंगा विहार फेज दो केसरी कुंज के रहने वाले 73 वर्षीय अशोक कुमार शर्मा ने एसएसपी को तहरीर दी। बताया कि 2010 में वह बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए। मझोला थाना क्षेत्र में कांशीराम नगर के रहने वाले एक व्यक्ति से उनकी पुरानी जान पहचान है। उन्होंने पुराने परिचित से कैमरे का एक स्टैंड मार्केट से खरीद कर लाने को कहा। 10 फरवरी को स्टैंड लेकर मित्र घर पहुंचा। बताया कि स्टैंड का मूल्य 2,950 रुपये है। पीड़ित ने भुगतान करते हुए अपने मित्र से पक्की रसीद मांग ली। मित्र टाल मटोल करने के साथ गाली गलौज पर आमादा हो गया। छानबीन पर पता चला कि कैमरा स्टैंड का कुल भुगतान 1,400 रुपये हुआ है। दोस्त की दगाबाजी से आहत पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। कोई कार्रवाई न होने पर एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी ने सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# जेल भरो आंदोलन की तैयारी, देंगे सामूहिक गिरफ्तारी

मुरादाबाद- सूबे में बिजली हड़ताल का नेतृत्व कर रहे संगठन के नेताओं के खिलाफ वारंट जारी होने के बाद जिले के कर्मचारी भी गुस्से में दिखे। वह जेल भरो आंदोलन की तैयारी कर सामूहिक गिरफ्तारी देने की बात कह रहे हैं।

मझोला स्थित मुख्य अभियंता विद्युत के कार्यालय के बाहर जमा होकर धरना प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे संघर्ष समिति मुरादाबाद के उपाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि हड़ताल जारी है।

लखनऊ में उनके नेताओं के साथ बैठक चल रही है। संघर्ष समिति लखनऊ के केंद्रीय अधिकारी व संयोजक शैलेंद्र दुबे समेत आंदोलन को बढ़ा रहे कई अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया है, ये आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है,

लेकिन इससे वे पीछे नहीं हटेंगे। सरकार अगर गिरफ्तार करना चाहती है

तो हम लोग जेल भरो आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। लखनऊ नेतृत्व से आदेश मिलने के बाद हम सभी लोग सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। सभा के दौरान एसडीओ सुशील कुमार, विक्रम सिंह, अजय कुमार यादव, पंकज सिंह, सतेन्द्र कुमार मौर्य, जेई संदीप यादव, राकेश कुमार, यश कुमार, अनिरुद्ध दूबे, जितेन्द्र सिंह, शशिकान्त, अमित कुमार, अनूप ठाकूर, आलोक कुमार, सदर कुमार, शिव ओम शर्मा, उमेश कुमार, संजीव कुमार, राजीव सैनी, सुबोध कुमार, मोहित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com

# वृहद रोजगार मेले में 97 अभ्यर्थी हेतु चयनित

मुरादाबाद-प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड मुरादाबाद के परिसर में आज प्रातः 10.00 बजे से प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद तथा क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 जयपाल सिंह ष्व्यस्तष् विधान परिषद सदस्य के द्वारा किया गया। इस संयुक्त रोजगार मेले में 10 उद्योगो/अधिष्ठानों ने प्रतिभाग किया गया, जिसमें इनफिनिटी ग्रुप, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0, भारतीय जीवन बीमा निगम, एच.आर.टी. एचआरएस, सागर सिक्योरिटी, जिनेवा क्राप सांईस प्रा0 लि0, ग्रेविटी फैकल्टी एवं प्रकाश पाईप लि0 इत्यादि अधिष्ठानों के प्रतिनिधि चयन हेतु मुख्यता मौजूद रहे।

इन अधिष्ठानो में रोजगार हेतु कुल 542 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें से कुल 97 अभ्यर्थी विभिन्न अधिष्ठानो में रोजगार हेतु चयनित किये गए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# गर्भावस्था में पोषण शिशु के स्वास्थ्य के लिए जरूरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जीवन के शुरुआती हजार दिन नवजात के जीवन के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान यदि बच्चे को उचित पोषण नहीं मिले तो बच्चे के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भारी नुकसान हो सकता है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार सिंह बताते हैं कि एकीकृत बाल विकास योजना ( आईसीडीएस ) के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम पोषण पाठशाला, गोद भराई दिवस, अन्नप्राशन दिवस आदि का उद्देश्य लोगों को शुरुआती हजार दिन के पोषण के प्रति जागरूक करना है। ब्लॉक मारहरा निवासी लाभार्थी प्रीति बताती हैं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नेउन्हें उनकी बच्ची अनाया को छः माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पिलाने के प्रति जागरूक किया जिसे मैंने पूरी तरह अपनाया साथ ही अन्नप्राशन दिवस ( 14 मार्च ) के दौरान छः माह की मेरी बिटिया को खीर खिलाकर ऊपरी आहार देने की शुरुआत की। इस दौरान



उन्हें अपनी बच्ची को क्या-क्या व कितनी मात्रा में खिलाएं इस विषय में जानकारी मिली। साथ ही उन्हें अर्ध ठोस आहार( खिचड़ी ,दलिया ) प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम आदि से युक्त भोजन के विषय में भी पता चला।

चार माह की गर्भवती लाभार्थी अजंती बताती हैं कि उनके क्षेत्र अमीरपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरोजिनी ने उन्हें गर्भावस्था के दौरान बेहतर पोषण की आवश्यकता के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि गोद भराई कार्यक्रम के दौरान उन्हें बताया गया कि शिशु के स्वास्थ्य के लिए उसके शुरुआती दिनों का पोषण बेहद आवश्यक है।शिशु का पोषण गर्भावस्था से शुरू हो जाता है। यदि शिशु पोषित होगा तो भविष्य में बीमारियों के खतरे से दूर रहेगा।अलग-अलग रंगों वाली अलग-अलग प्रकार की सब्जियां एवं विभिन्न प्रकार के फल, विटामिन व खनिज तत्व मुहैया कराते हैं जिनका उन्हें प्रतिदिन सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही उन्हें आयरन, कैल्शियम के सेवन के विषय में बताया गया जिससे उनका शिशु स्वस्थ व पोषित होगा।

नोडल अधिकारी आरसीएच /एसीएमओ डॉ सुधीर कुमार मोहन शिशु के जीवन के प्रारंभिक हज़ार दिन यानी गर्भावस्था के 270 दिन और जन्म के बाद के 730 दिन नवजात के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। बच्चे के जन्म के समय औसतन वजन करीब 2.5 किलो होता है। शुरुआती पहले साल में बच्चे का वजन हर महीने करीब 500 ग्राम और ऊंचाई हर महीने 2 सेमी बढ़ती है, जबकि दूसरे साल में वजन में लगभग 250 ग्राम की और ऊंचाई में 1 सेमी की बढ़ोतरी होती है।

# स्कूलो के बुनियादी जरूरतों के आधार पर किया जाए लघु मरम्मत कार्य : कलेक्टर श्रीमती महोबिया

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास गौरेला के सभा कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी और संकुल समन्वयको की बैठक ली। बैठक में श्रीमती महोबिया ने कहा कि स्कूलों में जरूरत की बुनियादी सुविधाओं का मरम्मत कार्य कराना है, जिसमें स्कूल के सीपेज वाली दीवार, टूटी हुई खिड़की, दरवाजा, शौचालय, पानी टंकी, लाइट, पंखा आदि शामिल है। किसी भी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की दिक्कत नहीं आनी चाहिए,जहां जरूरत वहां काम होना चाहिए।

